वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 9 नवम्बर 2019

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

अयोध्या मामले पर मा. सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय स्वागतयोग्य : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राम जन्मभूमि मामले पर सर्वोच्च न्यायालय के पांच न्यायाधीशों वाली पीठ के सर्वसम्मति से आए निर्णय का हार्दिक स्वागत करती है। राम जन्मभूमि विषय देश का सबसे बहुप्रतीक्षित एवं अति महत्वपूर्ण विषय था, जिस पर आज का निर्णय निश्चित रूप से शताब्दियों के गतिरोध को खत्म करने वाला है।

सर्वोच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों की बात को सुनते हुए पूर्णत: तथ्यों के आधार पर रामजन्म भूमि न्यास को विवादित जमीन सौंपी, साथ ही सुन्नी वक़्फ बोर्ड को भी दूसरी जमीन प्रदान करने का ऐतिहासिक निर्णय दिया।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री आशीष चौहान ने निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि, "यह एक ऐतिहासिक फैसला है। विद्यार्थी परिषद इस निर्णय का पूर्णत: स्वागत करती है। हिंदू व मुस्लिम सभी भारतवासियों को इसे सहर्ष स्वीकार करते हुये आगे बढना चाहिए। अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर के निर्माण की प्रक्रिया सरकार जल्द प्रारंभ करेंगी ऐसा हमें विश्वास है। भारत अपने आराध्य श्री राम के मंदिर निर्माण के साथ ही, सभी पूजा पद्धति के सम्मान की परंपरा के साथ आगे बढेगा। यह निर्णय इस दिशा में महत्त्वपूर्ण है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)